हैकिंग से बचने के लिए हमेशा अलर्ट रहें

यंग रिपोर्टर ◆ इंदौर
news.indore@peoplessamachar.co.in

सायबर अपराध विशेषज्ञ आईजी वरुण कपूर और एथिकल हैकर रिजवान शेख ने दिए हैकिंग से बचने के टिप्स

आज तकनीकी विकास जिस तेजी से हो रहा है, उस तेजी से हमें भी खुद को अपडेट करना चाहिए। हालांकि, यह संभव नहीं है, क्योंकि तकनीकी बहुत जल्दी-जल्दी बदल रही है और हमारे सुरक्षा नियम व कानून आज भी सालों पुराने हैं। ऐसे में जरूरी है कि हम ईमेल, फेसबुक, गूगल, जीमेल जैसी सेवाओं का जब यूज करें तो सिक्योरिटी को लेकर अलर्ट रहें। सूचना क्रांति के इस दौर में थोड़ी-सी लापरवाही हमारे लिए बहुत बड़ी परेशानी का सबब बन सकती हैं।

यह बात बुधवार को भारत के ख्यात एथिकल हैकर रिजवान शेख ने प्रेस क्लब के राजेंद्र माथुर सभागार में कही। वे यहां एथिकल हैकिंग और सायबर सिक्योरिटी विषय पर आयोजित सेमिनार में बोल रहे थे। इस अवसर पर सायबर अपराध विशेषज्ञ आईजी वरुण कपूर ने भी बढ़ते सायबर अपराधों और इनसे रोकथाम करने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

लाइव वाट्सएप और वेबसाइट हैकिंग

एथिकल हैकर रिजवान शेख ने बताया कि किस तरह वाट्सएप, फेसबुक और ईमेल हैकिंग को अंजाम दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इन वेबसाइट्स और एप्लीकेशंस पर सिक्योरिटी के लिए कुछ टूल्स दिए गए हैं, जिनको फॉलो कर आप हैकर्स से बच सकते हैं। इस दौरान रिजवान ने एथिकल हैकिंग, सूचना सुरक्षा, सायबर कानून के विषय में भी विचार रखे। गौरतलब है कि रिजवान शेख एथिकल हैकर के साथ सूचना सुरक्षा शोधकर्ता और सायबर अपराध सलाहकार भी हैं। एथिकल हैकिंग के तहत वे अभी तक देशभर के 20 हजार से ज्यादा लोगों को प्रशिक्षित कर चुके हैं, वहीं आईजी वरुण कपूर ने यहां प्रशिक्षणार्थियों को वाट्सएप हैकिंग और रोकथाम, ईमेल सुरक्षा, फेसबुक हैकिंग, फिशिंग, हैकिंग में गूगल का उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों के संदर्भ में जानकारी दी। इस दौरान यहां लाइव वाट्सएप और वेबसाइट हैकिंग का प्रदर्शन भी किया गया।